प्रेस नोट– मुजफ्फरनगर
दिनांक– 06.04.2025

- **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 05.04.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री रेशमपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 1770/09/19 धारा 506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त देवेन्द्र पुत्र रूल्हा निवासी उत्तरी सिविल लाईन थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 05.04.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री राजेश कुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 1246/17 धारा 337,338,304ए भादवि में वारण्टी अभियुक्त वकील पुत्र शकील निवासी नई बस्ती कस्बा व थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 06.04.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री कृष्णपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 85/2025 धारा 70(2),351(2) बीएनएस व 5जी/6 पोक्सो अधिनियम में वांछित अभियुक्तगण 1. रिजवान अली पुत्र मौहम्मद हनीफ उर्फ काला व 2. अरबाज पुत्र नूरा उर्फ नूरमौहम्मद निवासीगण निधि कालोनी सूजडू थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को सुजडू चुंगी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सैन्ट्रो कार नम्बर यूपी 12 वाई 9303 व 02 मोबाईल फोन बरामद किये गये है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**

  दिनांक 06.04.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री आरिफ अली मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त राधे श्याम उर्फ विशाल पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम मटौरा थाना मवाना जनपद मेरठ को फलावदा रोड भट्टे से आगे कट रही कालोनी के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 140/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **<u>थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 06.04.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री रेशमपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 2138/09/16 धारा 420,467,468,471,414,411 भादवि में वारण्टी अभियुक्त फरमान पुत्र इकराम निवासी मल्हुपुरा थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 06.04.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री रेशमपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 153/09/19 धारा 147,323,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त शादाब पुत्र आकिल अहमद निवासी घास मण्डी हण्डिया मौहल्ला थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।